Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to take timely measures to protect villages in Ballia Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh from annual floods.

श्री भरत सिंह (बलिया) : मेरे संसदीय क्षेत्र बलिया उत्तर प्रदेश में प्रतिवर्ष बाढ़ आने से हजारों की संख्या में लोगों के घर बह जाते हैं व क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। मेरे क्षेत्र में बहने वाली नदियों के किनारे बसे गांवों को उजड़ने से बचाने के लिए अभी से सरकार द्वारा प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बलिया उत्तर प्रदेश के लोगों को आगामी वर्षों में बाढ़ से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए पहले से ही स्थायी व अस्थाई राहत के लिए संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करें।